## Desh Bandhu Gupta Govt.College, Panipat

IQAC Organizes Alumni Meet

Dear Alumni

You are cordially invited to Alumni meet to cherish all the joyful moments that you spent in college with us. Reminisce your memorable experience and share your stories of success and happiness

We look forward to you gracious presence as per following schedule

VENUE: COLLEGE HALL    DATE: 27/04/2024    TIMING : 10:00 A.M..

**Contact at : gcalumniameet@gmail.com**

**Student Registration Link**

https://forms.gle/VsGLeGPQLHjQ2YRh7

https://forms.gle/rAPhAJ5pm7zwS9BA9

| **Alumni meet committee** | **IQAC** | **Principal** |
|---|---|---|
| **Mrs. Seema (Convener)** | **Dr. Daljit Singh** | **Mrs. Sanju Abrol** |

27.04.2024

# प्रैस- रिपोर्ट

आज देशबंधु गुप्ता राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत में '7वीं पूर्व छात्र सम्मेलन' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम MPH हॉल में प्राचार्य जी- श्रीमती संजु अबरोल- के नेतृत्व व प्रभारी श्रीमती सीमा सिंह के मार्गदर्शन में करवाया गया। सरस्वती वंदना व दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्या जी ने पूर्व छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं व आशीर्वाद के साथ ही उनको उनके लक्ष्य में सफल होने की बधाई भी दी। IQAC समिति के संयोजक उपप्राचार्य डॉ दलजीत सिंह ने 7वीं 'पूर्व छात्र सम्मेलन' में विद्यार्थियों को अपने संदेश में देश, समाज, परिवार व स्वास्थ्य के प्रति अपने कर्तव्यों को पूर्ण करने की बात कही। मंच का कुशल संचालन श्रीमती सविता जैन ने किया। पूर्व छात्रों की ओर से संगीत, गायन, अंताक्षरी, गजल, गीत, भाषण इत्यादि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रितु ने कविता, मंजीत ने नृत्य में चार चाँद लगा दिए। सभी पूर्व छात्रों द्वारा अपने- अपने अनुभव भी सांझा किए गए। जो विद्यार्थी शिक्षा क्षेत्र में श्रेष्ठ रहे, रोजगार क्षेत्र में सफल रहे व प्रयासरत हैं, उन सभी ने अपना अनुभव बताया। पूर्व छात्र सम्मेलन में 76 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आफताब, दृष्टि, शुभम, कोमल, ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान अलग-अलग विषयों में प्राप्त किया है। ये सभी विद्यार्थी 80% से ऊपर अंक हासिल कर गए। आरजू, विक्रम, अनुराधा, ज्योति देवी, मंजीत ने अलग-अलग बैंकों में अपनी प्रतिभा से रोजगार प्राप्त किया है। निकिता, राजेश कुमार, विपिन, जैनसी ने शिक्षा क्षेत्र में रोजगार प्राप्त किया है। रितु ने वकालत में, राजेश ने रेलवे में, किशोर ने परामर्शदाता के रूप में रोजगार हासिल किया है।

इस अवसर पर संपूर्ण कॉलेज स्टाफ, पूर्व छात्र सम्मेलन कमेटी के सदस्य डॉ० पूजा रानी, श्रीमती रीना, डॉ० कविता तनेजा व अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। छात्र पूर्व सम्मेलन में अध्यक्ष पर प्रेम वर्मा, उपाध्यक्ष पद पर रितू, सचिव कृष्ण किशोर, संयुक्त सचिव तन्नू, खजांची शुभम को नियुक्त किया गया। श्रीमती सीमा सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कॉलेज के प्राध्यापकों व पूर्व छात्र-छात्राओं के लिए यह अति शुभ अवसर रहा जब सबने अपने विचार एक दूसरे से साझा किए। दीप्ति गाबा मैडम ने कई तरह के खेलों से विद्यार्थियों का भरपूर मनोरंजन कराया। सभी के लिए ये आनन्द के पल रहे।

[signature]